दिनांक 16.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के रिसाली क्षेत्र में आयोजित लक्ष्य समाधान शिविर में छ0ग0 शासन के केबिनेट मंत्री रमशीला साहू एवं आयुक्त के0एल0 चौहान ने शहरी राष्ट्रीय अजीविका मिशन अन्तर्गत आई.आई.सी.ई कलिंगा व्ही.टी.पी.से प्रशिक्षण प्राप्त तीन युवाओं को नौकरी का नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा कि युवा अपने भीतर के कौशल को पहचाने और शासन की योजनाओं के तहत अपने को निखार कर स्वालम्बी बने।

मंत्री ने आजीविका मिशन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर जिला न्यायालय में डाटा एन्ट्री आपरेटर का नौकरी प्राप्त करने वाले सुरेश राजपुत, निजी संस्था सेक्टर 10 में कैशियर के रूप में चयनित श्वेता तथा नम्रता की प्रशंसा करते हुए शिविर स्थल पर उपस्थित युवाओं से कहा कि आज रोजगार की भरपुर संभावना है । प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ–साथ युवा शासन द्वारा चलाये जा रहे कौशल प्रशिक्षण का भी लाभ उठा कर अपने जीवन का दिशा बदल सकते है । आयुक्त के0एल0चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि एकीकृत आजीविका मिशन शिविर जो निगम द्वारा चलाए गये थे उसमें से 90 युवाओं का विभिन्न संस्थाओं में प्लेसमेंट किया गया है । 180 युवा अभी प्रशिक्षिण प्राप्त कर रहे है तथा लोक सुराज अभियान में 325 आवेदन विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण हेतु प्राप्त हुए है जिनका रूचि के अनुसार प्रशिक्षण देने प्रारंभ कर दिया गया है ।

मंत्री श्रीमती साहू ने शिविर स्थल पर लोक सुराज अभियान अन्तर्गत आवेदन किये गये डुण्डेरा के इंदु यादव, लक्ष्मी, सत्यवती यादव को श्रमिक पंजीयन प्रमाण–पत्र, दिव्यांग अरूण कुमार यादव, प्रदीप कुमार चतुर्वेदी को ट्राईसायकल तथा 19 आवेदकगणों को नवीन राशन कार्ड, प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना के तहत 61 हितग्राहियों को गैस चुल्हा, सौभाग्य योजना के अन्तर्गत 18 लोगो के घरों में बिजली कनेक्शन प्रदान कर एल.ई.डी.बल्ब प्रदान किया गया । सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत स्वीकृत 9 लोगो को पेंशन कार्ड प्रदान किया गया शिविर स्थल पर लगाये गये सम्पत्तिकर वसुली काउन्टर में 12061 रूपये 5 भवन मालिकों द्वारा जमा किया गया है ।

लोक सुराज अभियान अन्तर्गत रिसाली के शीतला मंदिर तालाब पार में लगाये गये लक्ष्य समाधान शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्मार्ट कार्ड, आधार कार्ड, स्वास्थ्य, तहसील, भवन अनुज्ञा, आंगनबाडी, सहित सभी 20 विभागों के काउन्टर में क्षेत्र के नागरिक पहुंच कर योजनाओं की जानकारी लेकर लाभ प्राप्त किये । विपरित मौसम के बावजुद शिविर में नागरिको ंकी उपस्थिति अच्छी रही ।

आयुक्त श्री चौहान शिविर के प्रारंभ में प्रातः10 बजे शिविर स्थल पर पहुंच कर सभी काउन्टर का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये । शिविर में रिसाली जोन के अधिकारी, कर्मचारी सहित अन्य विभाग तथा जिला प्रशासन के अधिकारी व क्षेत्र के नागरिकगण उपस्थित थें ।

जनसम्पर्क विभाग